देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 97 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**पर्यावरण से सामंजस्य बनाकर हो विकास




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 14 जुलाई 2021




मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 बीजिंग में बारिश ने मचाई तबाही

7 नहीं रहे 83 के हीरो यशपाल शर्मा

# वायरस के बदलते रूपों पर रखनी होगी नजर

## आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की और कोरोना वायरस के बदलते रूपों और उससे होने वाले खतरों को लेकर सचेत किया। इसके अलावा महामारी की संभावित तीसरी लहर से मुकाबले के लिए वैक्सीनेशन प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'सबको वैक्सीन–मुफ्त वैक्सीन' अभियान से देश के पूर्वोत्तर राज्यों को मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमें कोरोना वायरस के वैरिएंट्स पर नजर रखनी होगी। म्यूटेशन के बाद ये कितना जोखिम भरा हो सकता है इस बारे में विशेषज्ञों की राय और उनके अध्ययनों पर ध्यान देना होगा। ऐसे में एहतियात और उपचार आवश्यक है।

कोरोना के कारण पर्यटन, व्यापार–कारोबार बहुत प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद मैं बहुत जोर देकर कहूंगा कि हिल स्टेशनों, बाजारों में बिना मास्क पहने भारी भीड़ का उमड़ना चिंताजनक है। यह ठीक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए हमें और सख्त कदम उठाने होंगे। इससे जिम्मेदारी तय हो सकती है। माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र पर हमें पूरा फोकस करना होगा। पिछले डेढ़ साल के दौरान जो अनुभव हमें मिले हैं उसका भी पूरा इस्तेमाल करना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर पूर्वोत्तर के आठ राज्यों असम, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर की और वहां के हालात का जायजा लिया। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा, श्हमें टेस्टिंग और ट्रीटमेंट से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करते हुए आगे चलना है। हाल ही में इसके लिए कैबिनेट ने 23,000 करोड़ रुपये का एक नए पैकेज को मंजूरी दी है। पूर्वोत्तर राज्यों में इस पैकेज से अपने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### कोरोना से पर्यटन, व्यापार कारोबार बहुत हुआ प्रभावित

**कोरोना वैक्सीनेशन अभियान लगातार जारी**

संक्रमण से बचाव के लिए देश भर में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान जारी है। मंगलवार सुबह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 39.46 करोड़ से अधिक खुराकें राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुहैया कराई गई। इसमें से 1.91 करोड़ अभी भी इस्तेमाल के लिए बचे हुए हैं। अब तक इस्तेमाल व बर्बाद हुए वैक्सीन की खुराकों का कुल आंकड़ा 37,55,38,390 है।



### आप ओलिंपिक में छा जाने के लिए तैयार हैं: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तोक्यो ओलिंपिक में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों से वर्चुअल बात कर उनका उत्साह बढ़ा रहे हैं। बैठक में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद हैं। पीएम मोदी ने पहले तीरंदाज दीपिका कुमारी को वर्ल्ड नंबर वन बनने पर बधाई दी। और साथ ही कहा कि आपसे उम्मीदें ज्यादा है। इस पर दीपिका ने कहा कि वह ओलिपिंक में अच्छा प्रदर्शन करेंगी। ट्रैक एंड फील्ड के एथलीट से तीरंदाज बने प्रवीण जाधव का भी मोदी ने हौसला बढ़ाया। जाधव बेहद गरीब परिवार से आते हैं। पिता दिहाड़ी मजदूर थे, उन्हें भी ये दिन न देखना पड़े इसलिए प्रवीण ने खेल का रास्ता चुना। पीएम ने प्रवीण के माता–पिता के संघर्षों को प्रणाम किया।

### जमीनी स्तर पर केंद्र की टीम कर रही काम

देश में कोरोना के 80 फीसद मामले 90 जिलों में हैं जिनमें से 14 पूर्वोत्तर राज्यों के जिले हैं। देश में 73 जिलों में पाजिटिविटी रेट 10 फीसद से अधिक है। इनमें से 46 जिले पूर्वोत्तर राज्यों से हैं। शोधकर्ताओं व वैज्ञानिकों का कहना है कि इसके पीछे आर फैक्टर है। इस फैक्टर से पता चलता है कि कोरोना से संक्रमित एक व्यक्ति द्वारा दूसरे कितने व्यक्तियों को संक्रमित करने की संभावना है। हालांकि इन राज्यों में जमीनी स्तर पर केंद्र की टीम काम कर रही है स्वास्थ्य मंत्रालय की डॉ भारती परवीन पवार ने कहा, केंद्र सरकार की टीम जमीनी स्तर पर काम कर रही है। हम लगातार हालात पर नजर रख रहे हैं, नियमित तौर पर राज्य सरकारों से फीडबैक ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी से मिले प्रशांत किशोर, सियासी अटकलें हुईं तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इसके बाद सियासी अटकलें तेज हो गईं। पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस इकाई में आपसी कलह के बीच प्रशांत का राहुल से मिलना अहम माना जा रहा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, मणिपुर और गुजरात में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

### तमिलनाडु को चाहिए वैक्सीन की 1 करोड़ डोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य के लिए कोरोना वैक्सीन की मांग की है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने अनुरोध किया है कि राज्य के लिए वैक्सीन की एक करोड़ खुराक का विशेष आवंटन किया जाए।

# देश के कुछ हिस्सों में कोविड प्रोटोकॉल का हो रहा घोर उल्लंघन

## कोरोना की तीसरी लहर को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया आगाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों में कोरोना के मामलों में एकबार फिर से तेजी देखी जा रही है। देश के 55 जिलों में फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 73 जिलों में अभी भी हर दिन औसतन 100 से ज्यादा नए मामले रिपोर्ट हो रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि दुनियाभर में कोरोना की तीसरी लहर दस्तक दे चुकी और अगर हमने कोरोना नियमों का पालन नहीं किया तो हमें भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि जब तीसरी लहर की बात होती है तो लोग इसे मौसम की भविष्यवाणी की तरह लेते हैं। उन्होंने आग कहा, श्वे तीसरी लहर की गंभीरता और इससे जुड़ी जिम्मेदारी को समझ नहीं रहे हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, और अरुणाचल प्रदेश में फिर से नए मामलों में तेजी देखी जा रही है। हमने कोरोना प्रबंधन के लिए 11 राज्यों में टीमें भेजी हैं। इसमें उत्तर पूर्वी राज्यों के अलावा महाराष्ट्र ,छत्तीसगढ़ केरल और ओडिशा शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले 1 हफ्ते में नए मामलों में 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। फिलहाल देश में हर हफ्ते औसतन 40,841 नए मामले रिपोर्ट हो रहे हैं।

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कोरोना नियमों के प्रति लापरवाही के प्रति लोगों को आगाह करते हुए कहा, श्दुनियाभर में कोरोना की तीसरी लहर जारी है, हमारे देश में तीसरी वेव ना आए इसके लिए हम सब को साथ आना होगा। देश के कई हिस्सों में कोरोना नियमों का उल्लंघन देखा जा रहा है।

### एक दिन में 31443 नए मामले

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश द्वारा अपने मौत के आंकड़ों में बदलाव करते हुए 2,020 नई मौतों के साथ भारत में कोरोना से मौत का आंकड़ा मंगलवार को 4,10,784 हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के कुल 31443 मामले सामने आए हैं। देश में रिकवरी रेट में तेजी आई है और ये अब 97.28 फीसद तक जा पहुंचा है। देश के एक्टिव मामलों की संख्या अब 431315 हो गई है, जो बीते 109 में सबसे कम है।

# महंगाई, जीएसटी को मुद्दे पर संसद में केंद्र को घेरेगी कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर महंगाई को रोकने में विफल रहने और जनता की बेबसी का फायदा उठाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें कम कर और जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी की दरें घटाकर लोगों को राहत प्रदान करने की मांग की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने यह भी कहा कि कांग्रेस 19 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में महंगाई के मुद्दे को उठाएगी और इस पूर्ण चर्चा की मांग करेगी।

उन्होंने कहा, महंगाई को लेकर राजग सरकार लगातार यह बताने की कोशिश कर रही है कि महंगाई से जुड़ी चिंता फर्जी है और अगर सरकार इस मुद्दे को नजरअंदाज करती है तो यह मुद्दा खत्म हो जाएगा। कांग्रेस पार्टी महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार की घोर लापरवाही की निंदा करती है। चिदंबरम के मुताबिक, सरकार और रिजर्व बैंक ने चार प्रतिशत के आसपास महंगाई दर का लक्ष्य रखा था। जबकि उपभोक्ता मुद्रास्फीति छह प्रतिशत की अधिकतम सीमा को पार कर गयी है और एनएसओ की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक यह 6. 26 प्रतिशत तक पहुंच गई है। शहरी उपभोक्ता मुद्रास्फीति मई में 5.91 प्रतिशत थी जो जून में बढ़कर 6.37 प्रतिशत तक पहुंच गई। कोर महंगाई दर एक महीने में 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गई।

खाद्य मुद्रास्फीति 5.58 प्रतिशत पहुंच गई है। दलहन मुद्रास्फीति बढ़कर 10.01 प्रतिशत हो गई है। फलों की महंगाई दर 11.82 प्रतिशत तक पहुंच गई है। परिवहन सेवा की महंगाई दर 11.56 प्रतिशत हो गई है। ईंधन महंगाई दर 12.68 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है।

### आरोप

■केंद्र सरकार की घोर लापरवाही की निंदा करती है कांग्रेस


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# सरकार ने शक्तिशाली समितियों का किया पुनर्गठन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल के कुछ दिनों बाद सरकार ने मंत्रिमंडल की शक्तिशाली समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके तहत केंद्रीय मंत्रियों स्मृति ईरानी, भूपेंद्र यादव और सर्बानंद सोनोवाल को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति का सदस्य बनाया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, केंद्रीय मंत्रियों वीरेंद्र कुमार, किरन रिजिजू और अनुराग ठाकुर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की मंत्रिमंडल समिति में शामिल किया गया है।

हालांकि, सुरक्षा मामलों पर फैसला लेने वाली देश की सर्वोच्च संस्था– सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति और संयुक्त सचिव एवं उससे ऊपर के पदों पर सरकारी नियुक्तियों के संबंध में फैसला करने वाली नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडल समिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति के सदस्य हैं।

### नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडल समिति में कोई बदलाव नहीं